SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 03 जून 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 246

# यूपी-बिहार समेत कई राज्यों को मिलेगी भीषण गर्मी से राहत

## आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

नईदिल्ली | आरएनएस

देश के ज्यादातर हिस्सों में प्रचंड गर्मी पड़ रही है. दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्से में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है. वहीं राजस्थान में पारा 50 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है. इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने देश के कुछ राज्यों में लू चलने की संभावना जताई है. मौसम विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड में लू चलने की संभावना है. इसके बाद इसकी तीव्रता धीरे-धीरे कम हो जाएगी.

दिल्ली-एनसीआर में इनदिनों गर्मी चरम पर है, लेकिन दो दिनों से मौसम में थोड़ा सा सुधार हुआ है और दिल्लीवालों को गर्मी से राहत मिली है. कल यानी शनिवार की शाम तीन बजे के आसपास दिल्ली और नोएडा में आई धूल भरी आंधी से मौसम में थोड़ा सा सुधार हुआ. इस दौरान दिल्ली के कुछ स्थानों पर हुई बारिश ने गर्मी से थोड़ी सी राहत जरूर दिलाई. मौसम विभाग का मानना है कि दिल्ली में अगले 2 दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा.

उधर राजस्थान भी इनदिनों प्रचंड गर्मी से झुलस रहा है. हालांकि नए पश्चिमी विक्षोभ के चलते राजस्थान में मौसम बदल गया है. अगले कुछ घंटे में राजस्थान के बीकानेर, जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ इलाकों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे. जबकि दोपहर बाद मेघ गर्जन के साथ अचानक 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है. इसक दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है.



उधर उत्तर प्रदेश में भी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है. मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में मौसम में सुधार होने वाला है. इस दौरान राज्य के कई जिलों में रविवार को बूंदाबांदी होने की संभावना है. इस दौरान कुछ स्थानों पर बौछारें भी पड़ सकती हैं. साथ ही धूल भरी हवा, बिजली गिरने की भी संभावना है. जिसे लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है. मौसम विभाग का कहना है कि मंगलवार तक इसी तरह का मौसम बना रहेगा.

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, बिहार को भी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है. मौसम विभाग के मुताबिक, पटना के अलावा दक्षिण बिहार में भीषण गर्मी के बीच बारिश होने की उम्मीद है. इसके साथ ही मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने कहा है कि राज्य में मानसून तय समय पर आएगा. मौसम विभाग के मुताबिक राज्य में मानसून 13 से 15 जून के बीच दस्तक देगा. विभाग के मुताबिक, इस बार भी राज्य में सामान्य बारिश होने का अनुमान है.

## असम में बाढ़ का कहर, 10 जिलों में 6 लाख से अधिक लोग प्रभावित

**गुवाहाटी (आरएनएस)।** असम में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और 10 जिलों में छह लाख से अधिक लोग अब भी प्रभावित हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया, जिससे कई क्षेत्रों में प्रभावित हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया,कोपिली, बराक और कुशियारा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं. बाढ़ के कारण हैलाकांडी होजाई, मोरीगांव, करीमगंज, नागांव, कछार, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग पश्चिम और दीमा हसाओ जिलों में कुल 6,01,642 लोग प्रभावित हुए हैं. अधिकारियों ने बताया कि 28 मई से अब तक बाढ़ और तूफान में मरने वालों की संख्या बढक़र 15 हो गई है. नागांव सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 2.79 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए जबकि होजाई में 1,26,813 और कछार में 1,12,265 लोग प्रभावित हुए हैं. राज्य में 40,000 से अधिक लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), स्थानीय प्रशासन और आम नागरिकों द्वारा बचाव और राहत अभियान चलाया जा रहा है. अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में सडक़ और रेल संपर्क बाधित हो गया है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि न्यू हाफलोंग के चंद्रनाथपुर खंड में पटरी को हुए नुकसान और सिलचर स्टेशन पर जलभराव के कारण शनिवार से सोमवार तक कम से कम 10 ट्रेन रद्द कर दी गईं।

## पीएम मोदी ने की अधिकारियों संग बैठक, पूर्वोत्तर के राज्यों में चक्रवात की स्थिति पर की समीक्षा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में पूर्वोत्तर के राज्यों में चक्रवाती तूफान के बाद की स्थिति की समीक्षा की। लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री आज कई बैठकें करने वाले हैं। इसी क्रम में यह पहली बैठक थी। पूर्वोत्तर के आठ राज्यों में से चार में चक्रवाती तूफान रेमल के बाद हुई बारिश और भूस्खलन के कारण कम से कम 36 लोगों की जान चली गई है। तूफान के कारण आम जनजीवन भी लगभग थम गया है। मिजोरम में सबसे ज्यादा 27 लोगों की मौत हुई है। इसमें अकेले आइजॉल जिले में एक खदान धंसने से 21 लोगों की जान चली गई। नागालैंड में चार, असम में तीन और मेघालय में दो लोगों की मौत की सूचना है। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश की वजह से भूस्खलन हुआ, पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गये, तथा बिजली आपूर्ति और इंटरनेट सेवाएं बाधित हुईं। पीएम मोदी देश के विभिन्न हिस्सों में चल रही लू की स्थिति की समीक्षा के लिए भी आज एक बैठक करेंगे। उत्तर तथा मध्य भारत के ज्यादातर राज्यों में लू चल रही है। कई शहरों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री बड़े पैमाने पर विश्व पर्यावरण दिवस के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए भी आज एक बैठक करेंगे। वह नई सरकार के पहले 100 दिन के एजेंडा पर मंथन के लिए भी एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। अधिकतर एग्जिट पोल सर्वेक्षणों में भाजपा नीत एनडीए को लोकसभा चुनाव में 350 से ज्यादा सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। इसे देखते हुए प्रधानमंत्री अपने तीसरे कार्यकाल के लिए 100 दिन का एजेंडा तय करने पर आज से ही काम शुरू कर रहे हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### चंद्रमा के सुदूर हिस्से में उतरा चीनी अंतरिक्ष यान, मिट्टी-चट्टान के नमूने

**बीजिंग।** ये नमूने चंद्रमा के कम खोजे गए क्षेत्र और अच्छी तरह ज्ञात इसके निकटतम भाग के बीच अंतर के बारे में जानकारियां उपलब्ध करा सकते हैं. चंद्रमा का निकटतम भाग चंद्र गोलार्ध है जो हमेशा सुदूर भाग के विपरीत यानी पृथ्वी की ओर होता है. चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार, लैंडिंग मॉड्यूल दक्षिणी ध्रुव-एटकेन बेसिन नामक एक विशाल गड्ढे में बीजिंग के स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजकर 23 मिनट पर उतरा. यह चांग'ए चंद्रमा अन्वेषण कार्यक्रम के तहत छठा मिशन है, जिसका नाम चीनी चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया है. इसे चांद पर एकत्र किये गये नमूनों को पृथ्वी पर लाने के लिए बनाया गया है. इससे पहले 2020 में चांग'ए 5 ने भी चंद्रमा के निकटतम भाग से नमूने एकत्रित किए थे.

### दुनिया में आने वाली है नई महामारी, जो कोरोना से भी ज्यादा है खतरनाक

**निपटने की तैयारी में जुटा डब्ल्यूएचओ**

**संयुक्त राष्ट्र।** दुनियाभर के लोगों, सावधान हो जाइए! विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि एक और बड़ी महामारी आने वाली है, जो कोविड-19 यानी कोरोना से भी ज़्यादा खतरनाक हो सकती है! ब्रिटेन के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार पैट्रिक वैलेंस ने दुनिया को चेतावनी दी है कि एक ऐसी बीमारी आ रही है जो कोरोना से भी खतरनाक है. वैलेंस ने कहा है कि अगर हम अभी से इस बीमारी के लिए सावधान हो जाएं तो कोरोना के समय जैसे लॉकडाउन और प्रतिबंध लगाने से बच सकते हैं. डब्ल्यूएचओ ने इस चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए अपने सदस्य देशों से इस महामारी का सामना करने की रणनीति बनाने के लिए कहा है. डब्ल्यूएचओ का कहना है कि इस वैश्विक महामारी का सामना करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समन्वय ज़रूरी है. डब्ल्यूएचओ के निदेशक टेड्रोस अधनोम ने कहा है कि अगले हफ्ते होने वाली बैठक में सभी देश इस मामले पर गंभीरता से सोचेंगे. हालांकि, इससे पहले की बैठकों में डब्ल्यूएचओ के सदस्य देशों में ब्रिटिश वैज्ञानिक की चेतावनी को लेकर कोई विशेष सावधानी नहीं देखी गई थी. हमें इस महामारी के आने का इंतज़ार नहीं करना चाहिए, बल्कि अभी से इसका सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए. यह एक गंभीर चेतावनी है और हम सभी को इस पर ध्यान देना चाहिए. सावधान रहें, स्वस्थ रहें! डब्ल्यूएचओ ने कहा कि देशों ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों (आईएचआर) में संशोधन करने पर सहमति जताई जैसे कि वैश्विक महामारी आपातकाल शब्द को परिभाषित करना और विकासशील देशों को वित्तपोषण एवं चिकित्सा उत्पादों तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करना. इन नियमों में इससे पहले 2005 में बदलाव किया गया था.

## अरुणाचल में सत्ता में लौटी भाजपा, 60 सदस्यीय विधानसभा में 33 सीट पर मिली जीत

ईटानगर | आरएनएस

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) रविवार को 60 सदस्यीय विधानसभा में 33 सीट जीतकर लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश की सत्ता में लौट आई। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अरुणाचल प्रदेश में 50 विधानसभा सीट के लिए रविवार सुबह छह बजे कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई मतगणना जारी है। भाजपा ने 60 सदस्यीय विधानसभा में 10 सीट पहले ही निर्विरोध जीत ली है।

आयोग ने बताया कि भाजपा के वांगलिंग लोवांगडोंग ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के जोवांग होसाई को 1,452 मत के अंतर से हराकर बोरदुरिया-बोगापानी सीट रविवार को जीत ली।

लोवांगडोंग ने 2019 में कांग्रेस के टिकट पर यह सीट जीती थी। वह चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे।

भारत के निर्वाचन आयोग के अनुसार, भाजपा उम्मीदवार हमजोंग तांगहा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं नेशनल पीपुल्स पार्टी के टिम्पू न्गेमू को 1,482 मत के अंतर से हराकर चंगलंग दक्षिण सीट जीत ली।

अरुणाचल प्रदेश में 50 विधानसभा सीट के लिए मतगणना रविवार सुबह छह बजे कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई।

भाजपा ने 60 सदस्यीय विधानसभा में 10 सीट पहले ही निर्विरोध जीत ली हैं।

अरुणाचल प्रदेश में चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए एक साथ मतदान हुआ था।

## पेरिस से आ रही विस्तारा फ्लाइट से बरामद हुआ बम की धमकी भरा नोट, मुंबई हवाईअड्डे पर पूर्ण आपातकाल

मुंबई | आरएनएस

मुंबई हवाई अड्डे पर तब हडक़ंप मच गया, जब विस्तारा की एक उड़ान में एयर सिकनेस बैग पर हस्तलिखित बम धमकी भरा नोट बरामद हुआ. इसके बाद मुंबई हवाई अड्डे पर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पूर्ण आपातकाल की घोषणा कर दी गई. मिली जानकारी के अनुसार, बम की धमकी वाली विस्तारा फ्लाइट पेरिस चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी. फ्लाइट क्रू ने सुबह 10:08 बजे खतरे की सूचना दी और 294 यात्रियों और 12 क्रू सदस्यों को लेकर विमान सुबह 10:19 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतर गया.



विस्तारा एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने इस घटना की पुष्टि करते हुए एक बयान जारी कर बताया कि, 2 जून 2024 को पेरिस से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली विस्तारा उड़ान यूके 024 में हमारे कर्मचारियों द्वारा एक सुरक्षा चिंता देखी गई है.

आगे बताया कि, प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, हमने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। उड़ान मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी है और हम सभी अनिवार्य जांच के लिए सुरक्षा एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं.

गौरतलब है कि, विस्तारा फ्लाइट में बम की धमकी के ठीक एक दिन पहले वाराणसी से नई दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान को भी इसी तरह की धमकी मिली थी, जिसे पुलिस ने गहन जांच के बाद निर्धारित किया था कि यह एक अफवाह थी.

दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, एक महिला कॉलर ने एयरपोर्ट सुरक्षा को सूचना दी कि, इंडिगो फ्लाइट से यात्रा कर रहे उनके पति अपने हैंडबैग में बम ले जा रहे हैं. इसके बाद जांच ऐजेंसियों ने मामले की तफ्तीश में मेरठ निवासी 42 वर्षीय विमल कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी ने कुछ दिन पहले एक विमान में बम की धमकी के बारे में खबर देखने के बाद फोन किया था, क्योंकि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं.

पुलिस ने कहा कि उनके दावों का सत्यापन किया जा रहा है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है.

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत खत्म; किया सरेंडर

### बोले-मेरे खून का एक-एक कतरा देश के लिए

नईदिल्ली | आरएनएस

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दोबारा तिहाड़ जेल चले गए हैं। सुप्रीम कोर्ट से उन्हें मिली अंतरिम जमानत की अवधि खत्म हो गई है, जिसके बाद आज उन्होंने सरेंडर कर दिया।इससे पहले उन्होंने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर भी गए।उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यालय पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की।बता दें कि केजरीवाल को 21 दिन की अंतरिम जमानत मिली थी।

केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा, भगत सिंह ने कहा था कि जब सत्ता तानाशाही बन जाए तो जेल जिम्मेदारी बन जाती है। हम देश को बचाने के लिए जेल जा रहे हैं। मुझे नहीं पता ये जेल में मेरे साथ क्या करेगी।उन्होंने कहा, अगर भगत सिंह फांसी पर चढ़ गए तो मैं भी फांसी पर चढऩे के लिए तैयार हूं। मेरे शरीर का एक-एक कतरा इस देश के लिए है। यह चुनाव इस देश को बचाने के लिए है।



केजरीवाल ने कहा, आप सब लोग अपना ख्याल रखना। जेल में मुझे आप सबकी चिंता रहेगी। आप खुश रहेंगे तो जेल में आपका केजरीवाल भी खुश रहेगा।इससे पहले भी केजरीवाल ने भावुक अपील में लोगों से उनके बुजुर्ग माता-पिता का ध्यान रखने को कहा था।उन्होंने कहा था, मेरे माता-पिता बहुत बुजुर्ग हैं, मेरी मां बहुत बीमार रहती हैं, मुझे जेल में उनकी बहुत चिंता रहती है। मेरे पीछे मेरे माता-पिता का ध्यान रखना।

केजरीवाल शराब नीति मामले में जेल में बंद थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर की थी।इस पर कोर्ट ने उन्हें चुनाव प्रचार के लिए नियमित की जगह 21 दिनों के लिए अंतरिम जमानत दी थी। कोर्ट ने केजरीवाल को 2 जून को सरेंडर करने को कहा था।हालांकि, केजरीवाल ने जमानत अवधि बढ़ाए जाने को लेकर पहले सुप्रीम कोर्ट और फिर ट्रायल कोर्ट अपील दायर की थी, लेकिन दोनों जगहों से उन्हें राहत नहीं मिली।

केजरीवाल ने कहा था कि गिरफ्तारी के बाद उनका वजन 7 किलो घट गया था।उन्होंने बताया था कि उनका कीटोन लेवल बहुत हाई है, जो किसी गंभीर बीमारी का लक्षण हो सकता है।जमानत अवधि बढ़ाने वाली अपील में उन्होंने दावा किया था कि डॉक्टरों ने उनकी जांच के बाद उन्हें पीईटी-सीटी स्कैन और कई टेस्ट करवाने की जरूरत बताई है।हालांकि, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा था कि केजरीवाल का वजन एक किलो बढ़ गया है।

ईडी ने दिल्ली की शराब नीति के कथित घोटाले में 21 मार्च को केजरीवाल को उनके घर से गिरफ्तार किया था।पहले 11 दिन वह ईडी की हिरासत में रहे और 1 अप्रैल को कोर्ट ने उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ भेज दिया।इसके बाद उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ती रही और वे 10 मई को जेल से बाहर आने से पहले तक 50 दिन तिहाड़ जेल में बंद रहे।

## पंजाब में दो मालगाड़ियों की टक्कर, दो घायल

चंडीगढ़ | आरएनएस

पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में रविवार सुबह दो मालगाडिय़ों की टक्कर हो गई जिसमें उनके कई डिब्बे पटरी से उतर गये। हादसे में दो लोको पायलटों के घायल होने की जानकारी मिल रही है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक, हादसा फतेहगढ़ साहिब में माधोपुर से पास हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों मालगाडिय़ों के कई डिब्बे पटरी से उतर गये। शुरुआती वीडियो में दिख रहा है कि एक मालगाड़ी दूसरी पर चढ़ गई है। डिब्बों को काफी नुकसान पहुंचा है और उनके पहिये खुलकर पटरी पर और आसपास बिखड़ गये हैं। उनमें लदा माल भी बिखड़ गया है।

गनीमत यह रही कि एक मालगाड़ी के डिब्बे गिरकर बगल की पटरी पर यात्री गाड़ी को छूकर रह गये। हादसे में अब तक किसी यात्री के हताहत होने की खबर नहीं है।

दोनों घायल लोको पायलटों को श्री फतेहगढ़ साहिब सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गये हैं और मार्ग पर यातायात सुचारू करने के लिए काम शुरू कर दिया गया है।

## पुणे पोर्शे हादसा : कोर्ट ने नाबालिग के माता-पिता को 5 जून तक पुलिस हिरासत में भेजा

पुणे | आरएनएस

पुणे की एक अदालत ने रविवार को पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय लडक़े के माता-पिता को सबूत नष्ट करने के मामले में पांच जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया. महाराष्ट्र के पुणे शहर में 19 मई को हुई कार दुर्घटना के बाद नाबालिग के रक्त के नमूने बदले जाने में उनकी कथित भूमिका के लिए दोनों के खिलाफ जांच की जा रही है. इस हादसे में दो आईटी पेशेवरों की जान चली गई थी.

नाबालिग आरोपी की मां शिवानी अग्रवाल को एक जून को यह खुलासा होने के बाद गिरफ्तार किया गया था कि नाबालिग के रक्त के नमूने को मां के नमूने से बदल दिया गया था. आरोपी के पिता एवं रियल एस्टेट कारोबारी विशाल अग्रवाल को मामले में सबूत नष्ट करने में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है.

पुलिस ने नाबालिग के माता-पिता को यहां की एक अदालत में पेश किया और उनकी रिमांड का अनुरोध किया. दोनों को पांच जून तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया. पुलिस ने अदालत को बताया कि अग्रवाल दंपति ने दुर्घटना से संबंधित सबूतों को नष्ट करने की साजिश रची.

पुलिस के अनुसार, वे एक सरकारी अस्पताल गए और नाबालिग के रक्त के नमूनों में हेरफेर किया.

दंपति के वकील प्रशांत पाटिल ने कहा कि पुलिस ने उनके घर की तलाशी ले ली है और उनके घर पर लगे सीसीटीवी फुटेज बरामद किये हैं.

पाटिल ने कहा कि उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 201 (अपराध के सबूतों को मिटाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है, जो एक जमानती अपराध है इसलिए दंपति को न्यायिक हिरासत में भेजा जाना चाहिए.

## ओडिशा के पुरी में पटाखों के ढेर में विस्फोट, मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 11

भुवनेश्वर | आरएनएस

ओडिशा के पुरी में पटाखों के ढेर में विस्फोट की घटना में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी.उन्होंने बताया कि फिलहाल पुरी, भुवनेश्वर और कटक के विभिन्न अस्पतालों में कुल 19 लोग उपचाराधीन हैं.पुरी में 29 मई की रात भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में हुए विस्फोट में 30 लोग घायल हो गए थे.

विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) के कार्यालय ने एक बयान में कहा, पुरी में हुई त्रासदी में दो और लोगों की मौत हो गई जिससे कुल मृतकों की संख्या बढक़र 11 हो गई. वर्तमान में 19 मरीज विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन हैं.केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पुरी लोकसभा उम्मीदवार संबित पात्रा ने शनिवार शाम मृतक के परिजनों से मुलाकात की.



मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है.अधिकारी ने बताया कि पुरी के जिलाधिकारी की ओर से मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने के लिए कदम उठाए गए हैं.

उन्होंने बताया कि दुर्घटना के संबंध में एसआरसी सत्यब्रत साहू द्वारा प्रशासनिक स्तर की जांच की जा रही है.पुरी पुलिस ने बताया कि उसने स्वत: संज्ञान लेकर आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है.